

# विदिशा पुलिस का नशे के खिलाफ बड़ा एक्शन

**62 किलो 200 ग्राम गांजा और जाइलो कार सहित 24 .33 लाख का मशरूका जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार**



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 27 फरवरी, जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विदिशा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 62 किलो 200 ग्राम गांजा तथा एक जाइलो कार सहित लगभग 24 लाख 33 हजार का मशरूका जब्त किया है. दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिलेभर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिविल लाइन और थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की.**

### नशे के खिलाफ अभियान रहेगा जारी

विदिशा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और विक्रय के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी नशे से संबंधित गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी. लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से यह संदेश स्पष्ट है कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के दायरे में रहकर सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे.

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस संयुक्त अभियान में थाना प्रभारी आरके मिश्र, निरीक्षक आनंद राज, उपनिरीक्षक बीडी. सिंह, एलएन गिरी, मुकेश ठाकुर सहित कई प्रधान आरक्षक और आरक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. महिला पुलिसकर्मियों ने भी कार्रवाई में सक्रिय सहभागिता निभाई. पूरी टीम ने समन्वय और तत्परता का परिचय देते हुए कम समय में बड़ी सफलता अर्जित की.

### 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

इसी अभियान के तहत 26 फरवरी 2026 को थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि रघुवंशी धर्मशाला के पीछे डंडापूरा क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध गांजा बेचने के लिए बैठा है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत ?18 हजार बताई गई है. इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई.आरोपी सौरभ विश्वकर्मा 22 वर्ष, निवासी डंडापूरा, थाना कोतवाली विदिशा को न्यायालय में पेश किया गया.

### थाना सिविल लाइन की बड़ी कार्रवाई, 61 किलो गांजा और 15 लाख की जाइलो कार जब्त

थाना सिविल लाइन पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि करैया खेड़ा बाईपास जोड़ के पास एक जाइलो कार से अवैध गांजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर वाहन को रोका और तलाशी ली. तलाशी के दौरान वाहन से 61 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख 15 हजार आंकी गई है. साथ ही परिवहन में प्रयुक्त जाइलो कार जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख भी जब्त की गई। इस प्रकार कुल मशरूका कीमत 24 लाख 15 हजार रही. मामले में अपराध क्रमांक 146/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी सावित्री बाई रघुवंशी, निवासी उदय नगर कॉलोनी, विदिशा को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा कहां से लाया गया था और इसे कहां सप्लाई किया जाना था.



# खाटू श्याम मंदिर में भक्ति की गूंज, धार्मिक आयोजन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक खाटू श्याम मंदिर, में भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया जा रहा है. मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं. आयोजन के अंतर्गत विशेष पूजा-अर्चना, भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है. शुक्रवार को एकादशी के मौके पर सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही. शाम के समय आयोजित भजन संध्या में स्थानीय एवं बाहर से आए भजन गायकों द्वारा बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो जाता है. हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा जैसे जयकारों से वातावरण गूंज उठता है। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पेयजल, प्रसादी वितरण और पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है. शनिवार को भी मंदिर में विशेष अयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है. शहरवासियों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है.

**:: सूचना पत्र ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमति रेखा बाई जैन पत्नि श्री गौरव जैन, 2. श्री गौरव जैन पुत्र श्री महेश कुमार जैन निवासी सिरोंज का एक स्थित प्लाट मोहल्ला कुम्हारपुरा वार्ड नं. 13 सिरोंज जिला विदिशा, सर्वे नं. 2023, 2024/1, 2025, 2026, 2027/1, 2028/1, 2029/1/3, 2030/2/10 में जिसका क्षेत्रफल 750 वर्ग फिट में स्थित है जिसके पूर्व में प्रस्तावित रास्ता, पश्चिम में कमल सिंह की भूमि, उत्तर में मकान जयराम सेन, दक्षिण में शेरा नामदेव की भूमि स्थित है। जिसको कि पूर्व विक्रेता श्रीमति इन्द्रा नामदेव पत्नि श्री सुनील निवासी सिरोंज से जर्ये विक्रय पत्र क. MP452752022A11062767 दिनांक 20.10.2022 को क्रय किया था। एवं पूर्व विक्रेता ने उक्त प्लाट श्री संजय मिश्रा पुत्र श्री रामदयाल मिश्रा निवासी सिरोंज से जर्ये विक्रय पत्र क. MP452752018 A1596904 दिनांक 24.08. 2018 को कय किया था, यह कि उक्त दस्तावेज विक्रय पत्र क. MP452752018 A1596904 दिनांक 24.08.2018 कहीं गुम हो गया है। यह कि श्रीमति रेखा बाई जैन एवं श्री गौरव जैन उक्त संपत्ति पर आवास फाइनेन्सीयर्स लिमिटेड शाखा विदिशा से ऋण प्राप्त कर रहे है। यदि उक्त संपत्ति से संबंधितं किसी व्यक्ति या बैंक या संस्था या वित्तीय संस्थान को अधिकार सम्बधी, स्वत्व सम्बधी उत्तराधिकार संबंधी आदि को किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

भवदीय
नरेन्द्र दांगी एडवाकेट
किरी मोहल्ला विदिशा मो . नं . 9589780955

**:: सूचना पत्र ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति भारती दांगी पत्नि श्री सुरेन्द्र दांगी निवासी बासौदा का एक स्थित टीनशेड प्लाट ग्राम बेहलोट प.ह.नं. 42 नवीन कॉलोनी बासौदा जिला विदिशा, सर्वे नं. 258/1/3/1/1/1 में जिसका क्षेत्रफल 870 वर्ग फिट में स्थित है जिसके पूर्व में गंदी गली, पश्चिम में बलराम सिंह का मकान, उत्तर में रोड 20 फिट, दक्षिण में आशा बाई का मकान स्थित है। जिसको कि पूर्व विक्रेता श्री कल्याण सिंह पुत्र श्री जगन्नाथ सिंह निवासी बासौदा से जर्ये विक्रय पत्र क. MP452742023 A11782669 दिनांक 24.08.2023 को क्रय किया था। एवं पूर्व विक्रेता ने उक्त प्लाट श्रीमति संध्या भार्गव पत्नि श्री कमलेश भार्गव निवासी बैरसिया से जर्ये विक्रय पत्र क. 124 दिनांक 19.04.2012 को क्रय किया था एवं पूर्व विक्रेता ने उक्त प्लाट श्रीमति भगवती बाई पत्नि श्री मुन्नालाल विश्वकर्मा निवासी बासौदा से जर्ये विक्रय पत्र क. 151 दिनांक 22.04.2010 को क्रय किया था उक्त दोनो दस्तावेज विक्रय पत्र क.124 दिनांक 19.04.2012 एवं विक्रय पत्र क.151 दिनांक 22.04.2010 कहीं गुम हो गये है। यह कि श्रीमति भारती दांगी उक्त संपत्ति पर ए.यू. स्माल बैंक शाखा बासौदा से ऋण प्राप्त कर रही है। यदि उक्त संपत्ति से संबंधित किसी व्यक्ति या बैंक या संस्था या वित्तीय संस्थान को अधिकार सम्बधी, स्वत्व सम्बधी उत्तराधिकार संबंधी आदि को किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। भवदीय
नरेन्द्र दांगी एडवाकेट
किरी मोहल्ला विदिशा मो . नं . 9589780955

# नवविवाहिता ने लगाई फांसी, अस्पताल में किया गया मृत घोषित

**शादी को हुआ था एक वर्ष, पोस्टमार्टम के बाद जांच में जुटी पुलिस**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, जिले के गुलाबगंज क्षेत्र के माला गांव में एक 24 वर्षीय नवविवाहिता द्वारा फांसी लगाने का मामला सामने आया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमरन अहिरवार की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व बलवंत अहिरवार के साथ हुई थी. बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच उसने अपने घर में फांसी लगा ली. घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाबगंज लेकर पहुंचे.**

प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया. जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है. फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है. पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

# भारतीय जनता पार्टी में जिला पदाधिकारियों की घोषणा

**लेटरहेड सोशल मीडिया पर वायरल, 25 नेताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है. प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति के बाद जिला संगठन के नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है.**


जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी के लेटरहेड पर जारी सूची सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिससे कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है. जारी सूची के अनुसार कुल 25 जिला पदाधिकारियों को संगठन में विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 सह-कोषाध्यक्ष, 1 कार्यालय मंत्री, 1 सह कार्यालय मंत्री, 1 मीडिया प्रभारी तथा 1 सह मीडिया प्रभारी शामिल हैं. संगठन ने इसे आगामी कार्यक्रमों और चुनावी रणनीति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है.

### समर्थकों में उत्साह, कुछ कार्यकर्ताओं में नाराजगी

नई नियुक्तियों के बाद जहां चयनित पदाधिकारियों और उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है, वहीं कई कार्यकर्ता सूची से असंतुष्ट भी नजर आ रहे हैं। विशेष रूप से मंडल स्तर पर स्थान नहीं मिलने और लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे कुछ कार्यकर्ताओं को पद न मिलने से नाराजगी सामने आई है। कुछ लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक भी की है. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संगठनात्मक फेरबदल से पार्टी में नई ऊर्जा आएगी, हालांकि असंतोष को संतुलित रखना भी नेतृत्व के लिए चुनौती रहेगा. फिलहाल वायरल लेटरहेड और नई नियुक्तियां जिले की राजनीतिक चर्चा का प्रमुख विषय बनी हुई हैं.

# साल भर पूजा करने की मांगी इजाजत

**लगातार दूसरे दिन उठा विजय मंदिर का मामला**



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** दूसरे दिन विधानसभा में विधायक मुकेश टंडन ने ध्यान आकर्षण के माध्यम से विदिशा के प्राचीन हिंदू मंदिर विजय मंदिर का मामला लगातार फिर उठाते हुए कहा की भारत सरकार द्वारा 1951 में इस स्थल को राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक घोषित कर दिया गया था जबकि विदिशा में विजय मंदिर (बीजामंडल) एक प्राचीन हिंदू मंदिर है. परमार कालीन 11वीं शताब्दी के इसके हिंदू मंदिर होने के प्रमाण मिलते हैं. एएसआई में 1951 से वीजा मंडल मस्जिद लिख रखा है. सन 1965 से यहां पर आज तक पिछले 60 वर्षों से नवाज नहीं पढ़ी गई है और मुसलमानों को 1965 में अलग से ईदगाह दे दिया गया किंतु आज भी हिंदुओं को मंदिर नहीं सौंपा गया और इसे दस्तावेजों में मस्जिद लिखा गया है. नाग पंचमी पर दशकों से हिंदू पूजा अर्चना करते आ रहे हैं प्रशासन ने वहां पर स्थल का दुरुपयोग एवं अपवित्रता के डर से वहां पर ताला रखा लगा रखा है इसमें हिंदू मुस्लिम विवाद का कोई विषय नहीं है एवं मुसलमानों को इसमें कोई एतराज भी नहीं है. 12 अप्रैल 1992 को इस मंदिर को लेकर विदिशा में 5000 हिंदुओं के साथ हमने आंदोलन किया था. इसमें प्रशासन ने स्वयं ले जाकर वहां पर पूजा अर्चना करवाई थी उसके बाद से निरंतर हर वर्ष हम लोग नाग पंचमी पर वहां पर पूजा अर्चना करते आ रहे हैं. उसी समय के तत्कालीन कलेक्टर सुरेश जैन के समय खुदाई के दौरान कई भगवान की मूर्तियां वहां पर निकली है जो इसके मंदिर होने का प्रमाण है. कृपया वर्षभर पूजा करने की एवं मंदिर का जीर्णोद्धार करने की अनुमति दी जाए. विधायक टंडन ने कहा है कि विधानसभा के अगले सत्र में इस मामले को अशासकीय संकल्प के माध्यम से केंद्र शासन से इसके समाधान की मांग की जाएगी.

# स्व . आशा सिंह के पुण्य स्मरण पर वृद्धों का कराया भोजन



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** श्री हरि वृद्ध आश्रम में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी स्वर्गीय आशा सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर वृद्धजनों को भोजन करा कर पुष्पांजलि अर्पित की गई.पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस नेता अशोक वीर सिंह रघुवंशी (बिप्पे)गजार ने अपने सभी मित्रों के साथ आयोजित किया.इस अवसर पर आश्रम में निवासरत सभी वृद्धजन उपस्थित रहे. आयोजन के दौरान अशोक वीर सिंह रघुवंशी (बिप्पे) गजार उनके साथियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय आशा सिंह के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी. कार्यक्रम में सुभाष बोहत,कपिल,सिद्धू,नीलेश,गोलू, शैलेन्द्र सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे.

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** श्री जिनोदय तीर्थक्षेत्र निसई जी पर श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन 24 फरवरी से 4 मार्च तक किया जा रहा है. जिसमें बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे हैं. परम पूज्य मुनिश्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस विधान में प्रतिदिन धर्म की गंगा प्रवाहित हो रही है, जहाँ श्रद्धालु उनके प्रवचनों और धार्मिक अनुष्ठानों से पुण्य का लाभ ले रहे हैं. इस दौरान परम पूज्य मुनिश्री 108 निरंजन सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचनों में कहा कि भगवान को मानना एवं भगवान की मानने में अंतर है. लोग भगवान को तो मानते हैं, लेकिन भगवान की मानने वाले कम हैं. इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें. विधान के दौरान प्रतिदिन सुबह नित्य नियम, शांति धारा, अभिषेक, पूजन के उपरांत विधान का शुभारंभ किया जा रहा है. तथा प्रतिदिन प्रात-9 बजे से मंगल प्रवचन एवं शाम 7.30 बजे संगीतमय आरती का आयोजन किया जा रहा है.

# भारतीय किसान संघ मुखर ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन,** भारतीय किसान संघ तहसील इकाई नटेरन ने मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा. इस दौरान किसान संघ ने न केवल फसलों के दामों और कर्ज की समय सीमा पर बात की, बल्कि प्रदूषण के मुद्दे पर किसानों को निशाना बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई.ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान संघ के पदाधिकारियों ने पर्यावरण और प्रदूषण के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया. संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदूषण मुक्त भारत बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ अकेले किसान के कंधों पर नहीं डाली जा सकती.प्रदूषण की पूरी जिम्मेदारी किसानों पर छोड़ना और उन्हें ही इसके लिए दोषी ठहराना सरासर गलत है. यदि नरवाई प्रबंधन के नाम पर किसानों को जिम्मेदार मानकर उन पर कोई भी दंडात्मक कार्रवाई की गई, तो किसान संघ तहसील का घेराव करेगा और बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा. ज्ञापन देने में संभागीय उपाध्यक्ष भगवान सिंह रघुवंशी प्रभारी प्राण सिंह रघुवंशी जिला सदस्य वीर सिंह रघुवंशी पूर्व जिला से मंत्री कमल सिंह यादव तहसील अध्यक्ष बालमुकुंद तिवारी तहसील मंत्री दौलत सिंह लोधी यशपाल रघुवंशी प्रचार प्रसार प्रमुख कोक सिंह रघुवंशी रघुवंशी तहसील परसराम मीणा बलराम मीणा संजीव मीणा नवल सिंह रघुवंशी आदि शामिल थे.

# पश्चिम बंगाल साइबर फ्रॉड के तार विदिशा से जुड़े, युवक को पूछताछ के लिए ले गई पुलिस

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,साइबर फ्रॉड के एक मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस की कार्रवाई से विदिशा में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त से जुड़ी राशि में गड़बड़ी सामने आई थी, जिसकी जांच के दौरान लेन-देन के तार विदिशा से जुड़े पाए गए.**इसी सिलसिले में पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम ने विदिशा पहुंचकर सिटी कोतवाली क्षेत्र के पेढ़ी स्कूल खाई बस्ती निवासी लगभग 40 वर्षीय वसीम पुत्र शहीद खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की. सिटी कोतवाली टीआई आनंद राज ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के बाद आवश्यक साक्ष्यों और आगे की जांच के लिए युवक को गुरुवार को पश्चिम बंगाल ले जाया गया है. बताया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त की राशि दुर्गापुर से ट्रांसफर होकर यहां से निकाली गई थी. तकनीकी जांच में संबंधित ट्रांजेक्शन का लिंक विदिशा से जुड़ा मिला. टीआई के अनुसार संबंधित व्यक्ति एमपी ऑनलाइन के कार्य से जुड़ा हुआ है. फिलहाल पश्चिम बंगाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी.

**बैठक** | **नवीन सत्र से पहले प्रशासन सख्त, शिकायत मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी**

# किताबों व गणवेश के लिए अभिभावकों को बाध्य न करें निजी स्कूल- कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, नवीन शिक्षण सत्र प्रारंभ होते ही निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों पर विशेष प्रकाशक की पुस्तकें या निर्धारित दुकानों से गणवेश व शैक्षणिक सामग्री खरीदने के दबाव की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सख्त निर्देश जारी किए हैं. कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में निजी स्कूलों के प्राचार्यों एवं संचालकों की बैठक लेकर स्पष्ट कर दिया है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.**

इसी क्रम में विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा ने आयोजित बैठक में कहा कि कोई भी निजी विद्यालय विद्यार्थियों या उनके अभिभावकों को किसी एक निर्धारित दुकान या विशेष प्रकाशक से ही पुस्तकें, गणवेश, जूते, टाई या अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकता. उन्होंने यह भी कहा कि जहां तक संभव हो, गत वर्ष के पाठ्यक्रम को यथावत रखा जाए, ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े. प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि किसी विद्यालय द्वारा दबाव डाला जाता है तो वे संबंधित अनुभाग कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में मौजूद निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने शासन और जिला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया. उल्लेखनीय है कि हर वर्ष नए सत्र की शुरुआत में अभिभावकों को पुस्तकों, कॉपियों, यूनिफॉर्म और अन्य सामग्री की व्यवस्था को लेकर चिंता का सामना करना पड़ता है. कई मामलों में स्कूल संचालकों और दुकानदारों की सांठगांठ के चलते सामग्री केवल निर्धारित दुकानों पर ही उपलब्ध कराई जाती है, जिससे अभिभावकों को मनमाने दाम चुकाने पड़ते हैं। कई बार पाठ्यक्रम या यूनिफॉर्म में बदलाव कर दिया जाता है, जिससे पुरानी सामग्री बेकार हो जाती है और अभिभावकों को पूरा नया सेट खरीदना पड़ता है. प्रशासन की इस सख्ती से अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद है, विशेषकर उन परिवारों को जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अतिरिक्त खर्च वहन करने में कठिनाई महसूस करते हैं.

# होली मिलन 'फुल फाग महोत्सव' में आदर्श सास-बहू जोड़ों का होगा सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** शक्ति आराधना सेवा समिति द्वारा 6 मार्च को रंगारंग होली मिलन फुल फाग महोत्सव एवं स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों को सहपरिवार आमंत्रित किया गया है. आयोजन में पारंपरिक फाग गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और आपसी स्नेह मिलन के माध्यम से होली पर्व की खुशियां साझा की जाएंगी.

# बलिदान दिवस पर अमर शहीद आजाद को श्रद्धांजलि



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की 97वीं पुण्यतिथि पर रघुवीर चरण शर्मा स्वतंत्रता सेनानी न्यास के तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज मार्ग स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. प्रतिमा का स्थापना कार्य स्व. रघुवीर चरण शर्मा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वारा प्रदत्त निधि से कराया गया था कार्यक्रम में वक्ताओं ने शहीद आजाद के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा. इस अवसर पर स्व. रघुवीर चरण शर्मा के नगरहित में किए गए योगदानों को भी विशेष रूप से स्मरण किया गया. न्यास के अध्यक्ष गोविन्द देवलिया, उपाध्यक्ष अतुल शाह, राजकुमार सराफ , अनुमा आचार्य एवं अरविंद श्रीवास्तव ने संबोधित किया. कार्यक्रम में अरुण अवस्थी, संतोष नामदेव, मनीराम दांगी, कमल रैकवार, सौरभ शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.